कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक-01/01/2025

विषयः-थाना सिगरा पुलिस द्वारा तीन पेटी नाजायज अंग्रेजी शराब जिसमें कुल 144 अदद आफीसर्स च्वाइस के टेट्रा पैक, मात्रा 180 ML/ पैक कुल 25 लीटर के साथ दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी, व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0001/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. रजत रस्तोगी पुत्र अवधेश रस्तोगी निवासी पता म0न0 C 13/125 काली महल, पान दरीबा थाना चेतगंज जनपद वाराणसी उम्र करीब 30 वर्ष, 2.गोलू विश्वकर्मा पुत्र मोतीलाल विश्वकर्मा निवासी नया पान दरीबा थाना चेतगंज जनपद वाराणसी उम्र करीब 28 वर्ष को फलमण्डी तिराहे के पास स्थित गैराज के पीछे वाला मैदान थाना सिगरा क्षेत्र से दिनांक 01/01/2025 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः-

दिनांक 31/12/2024 को मै उ0नि0 पवन पाण्डेय (चौकी प्रभारी सोनिया) मय हमराह उ0नि0 विनय गौतम, हे0कां0 कृपासिन्धु भारती व कां0 विनोद कुमार के देखभाल क्षेत्र में सिगरा चौराहे पर मामूर थे कि मुखबिर खास ने आकर सूचना दिया कि दो व्यक्ति नाजायज अंग्रेजी शराब सफेद बोरी में लेकर फलमण्डी तिराहा के पास गैराज के पीछे वाले मैदान में बेच रहे है यदि जल्दी किया जाये तो मौके पर पकड़े जा सकते है। मुखबिर की इस सूचना से मै चौकी प्रभारी सोनिया हमराहीगण को अवगत कराया व एक- दूसरे की जामा तलाशी ली कि किसी के पास कोई नाजायज वस्तु तो नही है इत्मिनान होने के पश्चात मै चौकी प्रभारी सोनिया उ0नि0 पवन पाण्डेय मय हमराहीगण के मुखबिर के साथ मुखबिर के बताये हुये स्थान की तरफ चल दिये। फलमण्डी तिराहे पास स्थित गैराज के पीछे पहुँचकर मुखबिर ने मैदान में बैठे दो व्यक्ति की ओर इशारा कर हट बढ गया हम पुलिस वाले उक्त दो व्यक्ति की तरफ तेजी से बढे कि वह व्यक्तिगण दोनो हम पुलिस वालों को आता देखकर तेजी से भागना चाहा कि हमराहीगण की मदद से लगभग दस पन्द्रह कदम जाते जाते दोनो व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गये दोनो व्यक्तियों से बारी बारी नाम पता व भागने का कारण पूछा गया तो एक ने अपना नाम रजत रस्तोगी पुत्र अवधेश रस्तोगी उम्र करीब 30 वर्ष पता C 13/125 काली महल, पान दरीबा थाना चेतगंज वाराणसी बताया व दूसरे ने अपना नाम गोलू विश्वकर्मा पुत्र मोतीलाल विश्वकर्मा उम्र करीब 28 वर्ष पता नया पानदरीबा थाना चेतगंज वाराणसी बताया, जिसके सम्बन्ध में थाना सिगरा पर मुकदमा दर्ज कराया है।

विवरण पूछतांछ -

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण से नाम व पता पूछने पर अपना - अपना नाम क्रमशः रजत रस्तोगी पुत्र अवधेश रस्तोगी निवासी पता म0न0 C 13/125 काली महल, पान दरीबा थाना चेतगंज जनपद वाराणसी उम्र करीब 30 वर्ष, 2.गोलू विश्वकर्मा पुत्र मोतीलाल विश्वकर्मा निवासी नया पान दरीबा थाना चेतगंज जनपद वाराणसी उम्र करीब 28 वर्ष बताये तथा पकड़े गये व्यक्तियों से सामूहिक व अलग- अलग भागने का कारण पूछा गया तो बता रहे हैं कि साहब हमलोगों के पास चार पेटी अंग्रेजी शराब खरीदे थे जिसमें से एक पेटी हम लोगों ने राहगीरों को बेच दी तथा तीन पेटी अंगेजी शराब सफेद बोरी में रखकर बेच रहे थे कि आप लोगों ने हमे पकड़ लिया। साहब हम लोगों से गलती हो गई, हमें माफ कर दीजिए।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र-

1.रजत रस्तोगी पुत्र अवधेश रस्तोगी निवासी पता म0न0 C 13/125 काली महल, पान दरीबा थाना चेतगंज जनपद वाराणसी उम्र 30 वर्ष।

2.गोलू विश्वकर्मा पुत्र मोतीलाल विश्वकर्मा निवासी नया पान दरीबा थाना चेतगंज जनपद वाराणसी उम्र 28 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

तीन पेटी नाजायज अंग्रेजी शराब जिसमें कुल 144 अदद आफीसर्स च्वाइस के टेट्रा पैक, मात्रा 180 ML/ पैक कुल 25 लीटर ।

अपराधिक इतिहासः-निल।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 पवन पाण्डेय, चौकी प्रभारी सोनिया थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 विनय गौतम थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0कां0 कृपा सिन्धु भारती थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. कां0 विनोद कुमार थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।